प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 18.01.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार,थाना ठाकुरद्वाराः-

अवगत कराना है कि दिनांक 17.01.2025 को वादी निवासी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादी की पुत्री बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-21/2025 धारा- 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में लड़की को पूर्व में सकुशल बरामद कर, आज दिनांक 18.01.2025 को उ0नि0 रोहित कुमार थाना ठाकुरद्वारा द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी जीशान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी बैरमपुर थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः-

जीशान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी बैरमपुर थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

2-थाना कांठ पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 02 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 18.01.2025 को थाना कांठ पुलिस द्वारा 02 आरोपी गण 1. शीशपाल 2.ऋषिपाल सिंह पुत्रगण खचेडू सिंह निवासीगण ग्राम भैंसाली जमालपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।